तत् त्वं पूषन् अपावृणु
केन्द्रीय विद्यालय संगठन

# केन्द्रीय विद्यालय भारतीय प्रबंध संस्थान, लखनऊ

## सत्रांत परीक्षा सत्र- 2019-20

| | | |
|---|---|---|
| कक्षा –पंचम | | अनुभाग –अ / ब |
| विषय –हिन्दी | समय -2:30 घंटे | दिनांक- ............................ |
| विद्यार्थी का नाम - ................................ | | अनुक्रमांक- |

| दक्षताएं | पठन | लेखन | | | | | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | गद्य/पद्य | व्याकरण | सृजनात्मक लेखन | वर्तनी | सुलेख | |
| पूर्णांक | 20 | 15 | 15 | 15 | 10 | 5 | 80 |
| प्राप्तांक | | | | | | | |

निरीक्षक के हस्ताक्षर ............................ परीक्षक के हस्ताक्षर ............................

## <u>पठित गद्यांश</u>

1. **गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए: -**

**रोज़ रोज़ के इन झगड़ों से बचने के लिए कई घरों में लोग नालों के पाइप में मोटर लगवा लेते हैं | इसमें कई घरों का पानी खींचकर एक ही घर में आ जाता है | यहतो अपने आस-पास का हक़ छीनने जैसा काम है | लेकिन मजबूरी मानकर इस काम को मोहल्ले में कोई एक घर कर बैठे तो फिर कई घर यही करने लगते हैं| पानी की कमी और बढ़ जाती है | शहरों में तो अब कई चीजों को तरह पानी भी बिकने लगा है | यह कमी गाँव शहरों में ही नहीं बल्कि हमारे प्रदेशों की राजधानियों में और दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, चेन्नई और बंगलौर जैसे बड़े शहरों में भी लोगों को भयानक कष्ट में डाल देती है |**



**प्रश्न-(१) गद्यांश में किसकी कमी के बारे में बताया गया है ?**

**उत्तर-**________________________________________________

**प्रश्न-(२) लोग घरों में मोटर क्यों लगवा लेते है ?**

**उत्तर-**________________________________________________

________________________________________________

प्रश्न-(३) ऐसे दो शहरों के नाम लिखो जहाँ पानी बिकता है?

उत्तर-________________________________________________

प्रश्न-(४) एक शहर का नाम बताओ जिसमें पानी की कमी है ?

उत्तर-________________________________________________

प्रश्न-(५) “प्रदेश” शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए?

उत्तर-________________________________________________

प्रश्न-(६) बहुवचन लिखिए-

शहर ______________________ गाँव____________________

प्रश्न-(७) ऊपर लिखे गद्यांश में दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए-

1________________2________________

प्रश्न-(८) गद्यांश में से विलोम शब्द छाँटकर लिखिए-

1 दूर-दराज- ________________2 आनंद- ________________

प्रश्न-(९) “पानी” शब्द का पर्यायवाची लिखिए-

1______________________2____________________

प्रश्न-(१०) भारत की राजधानी पर सही का निशान लगाईए-

1 नई दिल्ली 2 मुंबई 3 कोलकाता 4 बंगलौर

## अपठित गद्यांश

पुराने जमाने के लोग सचमुच ही सोचते थे कि अक्षरों की खोज ईश्वर ने की है। पर आज हम जानते हैं कि अक्षरों की खोज किसी ईश्वर ने नहीं, बल्कि स्वयं आदमी ने की है। अब तो हम यह भी जानते हैं कि किन अक्षरों की खोज किस देश में, किस समय हुई।
हमारी यह धरती लगभग पांच अरब साल पुरानी है। दो-तीन अरब साल तक इस धरती पर किसी प्रकार के जीव-जंतु नहीं थे। फ़िर करोड़ों साल तक केवल जानवरों और वनस्पतियों का ही इस धरती पर राज्य रहा। आदमी ने इस धरती पर कोई पांच लाख साल पहले जन्म लिया। धीरे-धीरे उसका विकास हुआ।

कोई दस हजार साल पहले आदमी ने गांवों को बसाना शुरू किया। वह खेती करने लगा। वह पत्थरों के औजारों का इस्तेमाल करता था। फ़िर उसने ताँबे और कांसे के भी औजार बनाए।



1 अक्षरों की खोज किसने की ?

________________________________________________

2 हमारी धरती लगभग कितनी पुरानी है?

________________________________________________

3 इस धरती पर कितने साल तक किसी प्रकार का कोई जीव-जंतु नहीं था?

________________________________________________

4 आदमी ने इस धरती पर कब जन्म लिया?

______________________________________________

5 आदमी ने गांव बसाना कब शुरू किया?

______________________________________________

6 शुरू में आदमी ने अपने औजार किस चीज से बनाए?

______________________________________________

7 ऊपर लिखे गद्यांश से दो संज्ञा शब्द छाँटकर लिखिए-

1______________________2______________________

8 ऊपर लिखे गद्यांश से "भूमि" शब्द के समान अर्थ वाला शब्द ढूंढकर लिखिए-

1______________________

9 "जीव-जंतु" शब्द का वाक्य में प्रयोग कीजिए-

1______________________________________________

10 बहुवचन लिखिए-

1. जानवर-______________________

## लेखन



प्रश्नों के उत्तर दीजिए: -

1 क्या होता यदि मंत्री की गर्दन फ़ंदे के बराबर होती? (1)

______________________________________________



2. बाघ कहाँ रहता था ? (1)

______________________________________________



3. सिक्के कौन-कौन सी धातु के बने हो सकते हैं? (1)

______________________________________________



4. बच्चे नदी के किनारे क्या-क्या करते थे ? (1)

______________________________________________




5. कविता "छोटी सी हमारी नदी" के रचयिता कौन है? (1)

______________________________________________



6. कोको के माता - पिता कहाँ गये थे ? (2)

______________________________________________

______________________________________________

7. स्वामीनाथन के दादा जी को मैडल क्यों मिला ?  (2)



______________________________________________

______________________________________________

8 बिशन घायल तीतर को क्यों बचाना चाहता था ?  (2)



______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

9 धरती की गुल्लक किन साधनों से भरती है ?  (2)



______________________________________________

______________________________________________

10 "फ़र्स्ट एड बॉक्स" में क्या-क्या होता है तथा इसका इस्तेमाल कब किया जाता है?  (2)




______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

## व्याकरण

1 उपसर्ग लगायें (अप) |

1______________मान  2 ________________कार

2 प्रत्यय लगाओ (ता) |

1 सरल________  2 समान________

3 शब्दों के समानार्थी शब्द लिखो |

माँ____________________ नदी____________________

4 विलोम शब्द लिखो |

ऊपर____________________ सुन्दर____________________

5 विशेषण शब्द पर गोला लगाईए-

राम एक बहादुर लड़का है |

6 लिंग बदलिए-

कवि-____________________ बाघ-____________________

7 वचन बदलिए-

क्यारी- ____________________ चींटी-____________________

8 मुहावरे का वाक्य में प्रयोग कीजिए-

पानी -पानी होना

______________________________________________

9 सर्वनाम शब्द पर गोला लगाईए-

उसने खिलौना तोड दिया|

10 क्रिया शब्द पर गोला लगाईए-

सीता किताब पढ़ रही है |

11 संज्ञा शब्द पर गोला लगाईए-

दिल्ली एक बड़ा शहर है |

12 मुहावरे का अर्थ बताईए-

आंख लगना ______________________________________

13 कोई दो क्रिया शब्द लिखिए-

--------------------- ------------------------

14 कोई दो संज्ञा शब्द लिखिए-

-------------------------------------- ----------------------------------------

15 वाक्य को सही क्रम में लगाईए-

पानी -पानी/ हो जाता है / चारों तरफ / बरसात के मौसम में

______________________________________________

## रचनात्मक लेखन





1. "जल ही जीवन है" इस विषय पर पांच पंक्तियाँ लिखिए-

अथवा

'बाघ' पर पांच वाक्य लिखिए-

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

2. अपने विद्यालय के शैक्षिक भ्रमण पर निबंध लिखिए-

3. किसी 'त्योहार' अथवा 'स्वामी की दादी' पर पांच पंक्तियाँ लिखिए |



## वर्तनी

(१) सही शब्द पर गोला लगाइए-

प्रबन्द्क प्रबंधक प्रबन्ध्क

आलसी अलअसी अलसी

एतराज ऐत्राज अतरजा

पिग्लाना पिघलाना पीघलाना

निक्लना नीकालना निकलना

(२) शब्दों को पूरा कीजिए-

छिड़ __ व मो __ र खि __ ना आ __ ह कि __ रे

## सुलेख

गर्मी के दिन थे। बाबू जी दफ़्तर गए हुए थे। अम्मा दोनों बच्चों को कमरे में सुलाकर खुद सो गयी थी। लेकिन बच्चों की आंखों में आज नींद कहां? अम्मा जी को बहलाने के लिये दोनों दम रोके आंखें बंद किए मौके का इंतजार कर रहे थे। ज्योंही मालूम हुआ कि अम्मा जी अच्छी तरह से सो गयी, दोनों चुपके से उठे और बहुत धीरे से दरवाजे की सिटकनी खोलकर बाहर निकल आए। अंडों की हिफ़ाजत की तैयारियां होने लगीं। केशव कमरे से एक स्टूल उठा लाया, लेकिन जब उससे काम न चला तो नहाने की चौकी लाकर स्टूल के नीचे रखी और डरते-डरते स्टूल पर चढ़ा। श्यामा दोनों हाथों से स्टूल पकड़े हुए थी।